साप्ताहिक

पृथ्वी पर हम सब समय माया के यात्री हैं

समय माया

R.N.I. No.: MP/HIN/2006/20685

प्रधान संपादक- अजमेरा एस.पी. कुमार
B.COM., M.A., LLB, CAIIB, DLLLW&PM

Webite: www.samaymaya.com
Email: samaymaya@gmail.com
samaymaya@rediff.com

Cell: +91 9425125569
+91 9479535569

(C) All Copyrights reserved with chief editor, do not publish any matter without prior written permission

In case of any dispute, may be solved only in Indore Court Jurisdiction

वर्ष 17 | अंक 49 | प्रति सोमवार इंदौर, 08 जुलाई से 14 जुलाई 2024 | पृष्ठ 8 | मूल्य 5/- रुपए

मध्य प्रदेश बजट 24-25 फर्जी समंकों की बाजीगरी

कृषि जनता प्रदेश, देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़, कृषकों का शोषण

हजारों करोड़ विज्ञापन खर्च फिर भी कहीं नहीं दिखाया। विभिन्न विभागों में 5 लाख पद खाली बजट में नहीं कोई व्यवस्था।

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने अपना नया बजट पेश किया और पूर्व की भाजपा की सरकारों की तरह उन्होंने जैसे कि कभी भी कोई भी पूरा बजट सत्र जो मात्र 15 दिन का था। जबकि कांग्रेस के समय में यही बजट सत्र 2 महीने का हुआ करता था। ताकि सार्थक बहस हो और जनधन का सदुपयोग किया जा सके। पर यह घोर भ्रष्ट जालसाज भुखेरा जन पार्टी गिरोह ने अपने 20 साल पुराने इतिहास को दोहराते हुए बजट सत्र जो मात्र 20 दिन का था उसे भी बजट पेश करते ही हंगामे खड़े कर खत्म कर दिया। ताकि उनकी लूट वसूली भ्रष्टाचार पर कोई भी उंगली ना उठे बहस ना हो और जो उन्होंने पास कर दिया वह उनके बाप की जागीर और लूट का छूट के लिए धन का स्रोत बन जाए की व्यवस्था अवश्य की गई। जो बजट में समंक और सांख्यिकी की प्रस्तुति व प्रदर्शन किया गया। वह पूर्णताः जो योजनाएं दिखाई गई है कृषि उद्यानिकी, ग्रामीण व शहरीय विकास, महिला बाल विकास, शिक्षा स्वास्थ्य वन रोजगार आदि अधिकांश अपना इतिहास दोहराते हुए सभी मंत्रालयों में बैठे हुए प्रधान सचिव आयुक्त संचालक प्रमुख अभियंता आदि कागज पर खर्च दिखाकर यह इंजन प्रकरण इस पूरे बजट का 25

से 40% धन हजम कर जाएंगे। लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय, जल संसाधन, नर्मदा घाटी के बड़े निर्माण सुधार व रखरखाव के कार्यों में मोटी कमीशन खोरी की पूरी व्यवस्था। स्वास्थ्य विभाग में सामग्री की खरीदी में जो स्टार हैं होती है 50 से 80% तक कमिशन आजम किया जाता है हर जिले में खाद्य एवं औषधि विभाग के औषधि निरीक्षकों को जिले से लेकर गांव हो तो आपूर्ति की जाने वाली दवाइयां उपकरणों वह अन्य सामग्री का वाचन नमूने लेकर निरीक्षण करना चाहिए जो पिछले 20 सालों से कभी नहीं हुआ और इसलिए औषधीय स्तरहीन न यहां तक की समय बाधित होती है खरीद ली जाती है और उसमें मोटर कमीशन हजम कर लिया जाता है। फिर स्वास्थ्य विभाग की ठेके पर लगाई गई। सड़क पर एंबुलेंस चलती नहीं, परंतु एयर एंबुलेंस के नाम पर विभागीय महिला कर्मियों के साथ उनकी विवशता का लाभ ले दे हवा में मौज मस्ती की व्यवस्था अवश्य की गई है फितरती दिमाग के फितरती कारनामे चिकित्सा की अपेक्षा मौत का कारण न बन जाए। क्योंकि वह हवाई जहाज है एक बार 12 फीट जमीन छोड़ने के बाद फिर मशीन भगवानऔर आपकी किस्मत ही होती है हवा में। उन विमानों का नियमित रखरखाव तेल पानी मरम्मत देख-रेख नहीं की गई तो मौज-मस्ती मौत में भी बदल सकती है। (शेष पेज 6-7 पर)

हमारी आजादी पट्टे की, हम ब्रिटेन के उपनिवेश, इसलिए महत्वपूर्ण

सुनाक की हार, प्रवासियों को रोकने का प्रभाव

14साल बाद कंसरवेटिव्स की जीत, भारत से बढायेंगे स्टामर प्रीत

ब्रिटेन में लेबर पार्टी ने 650 सदस्यीय संसद में 403 सीटें जीतीं और भारतीय मूल के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की अगुआई वाली कंजर्वेटिव पार्टी के 14 साल के शासन को समाप्त कर दिया। ब्रिटेन की जनसंख्या छह करोड़ सत्तर लाख है, जिसमें 18 लाख भारतीय मूल के नागरिक शामिल हैं , जो चुनावी नतीजों को प्रभावित करने में एक बड़ी भूमिका निभाते हैं। ब्रिटिश-हिंदू समुदाय, ब्रिटेन का तीसरा सबसे बड़ा धार्मिक समूह, अपनी राजनीतिक आवाज़ को पहले से कहीं ज्यादा मज़बूती से उठा रहा है और यहाँ तक कि उसने एक 'हिंदू घोषणापत्र' भी जारी कर अपने उम्मीदवार भी चुनावी मैदान में उतारे थे।

निवर्तमान ब्रिटेन के संसद में, 15 भारतीय मूल के सांसद थे - लेबर से आठ और कंजर्वेटिव पार्टी से सात जो 65 गैर-श्वेत सांसदों में शामिल थे, यानि 10 प्रतिशत जो ब्रिटिश राजनीतिक इतिहास में

जातीय रूप से उसे सबसे विविध सदन बनाता था । लगभग तीन प्रतिशत की आबादी वाली पर आर्थिक रूप से संपन्न ब्रिटिश हिन्दू समाज को लुभाने के लिए ब्रिटेन के दोनों मुख्य राजनीतिक दलों ने अधिकतम संख्या में भारतीय मूल के उम्मीदवारों को मैदान में उतारा। इस दौड़ में 107 ब्रिटिश-भारतीय शामिल थे। अब प्रमुख विजेताओं में ज्यादातर महिलाएं हैं, जिनमें कंजर्वेटिव पार्टी के निवर्तमान प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, सुएला ब्रेवरमैन, शिवानी राजा, गगन मोहिंद्राबब और प्रीति पटेल शामिल हैं।

लेबर पार्टी के कुछ सदस्य जिन्हें लेबर सरकार में मंत्री पद मिल सकता है, वे हैं लिसा नंदी, जिनका संबंध बंगाल से है, नवेन्दु मिश्रा, गोरखपुर के मूल निवासी, कनिष्क नारायण, प्रीत कौर गिल और तनमनजीत सिंह ढेसी जो ब्रिटिश संसद के पहले पगड़ीधारी सिख सांसद होंगे। राजनीतिक प्रबंधकों को ब्रिटिश हिन्दू मतदाताओं के मतदान के रूझान का पता लगाने में समय लगेगा, लेकिन निश्चित रूप से परिणाम को देखते हुए, यह कहा जा सकता है कि इस चुनाव में उन्होंने लेबर पार्टी का साथ दिया है।

ब्रिटेन की लेबर पार्टी के साथ भारत की स्वतंत्रता भी जुडी हुई है। 1945 में, द्वितीय विश्व युद्ध के समाप्ति पर, लेबर पार्टी ने भारत को स्वतंत्रता प्रदान करने के वादे के साथ विंस्टन चर्चिल को करारी हार देकर चुनाव जीता और जेल में बंद राजनीतिक कैदियों को उसी वर्ष रिहा भी कर दिया,

(शेष पेज 3 पर)

भ्रष्ट, जालसाज मालवीय को बचा रही भाजपा, पुलिस, प्रशासन

आखिर व्यापमं, लोक निर्माण विभाग के आरोपी को क्यों दिया जा रहा संरक्षण

भाजपा पूर्व मु.मं. शिववराज, प्रमं मोदी गृहमंत्री अमित शाह मोहन यादव के नाम का उपयोग कर, शून्य से शिखर पर

मध्य प्रदेश के प्रशासन में बैठे घोर भ्रष्ट जालसाज कमीशन खोर मुख्य सचिव विभिन्न विभागों के प्रधान सचिव संचालक आयुक्त कार्य विभागों लोक निर्माण, जल संसाधन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय, नर्मदा घाटी आदि के प्रमुख अभियंताओं से लेकर मुख्य अधीक्षण कार्यपालन यंत्रियों व न्यायालयों में बैठे सरकारी वकीलों द्वारा मोटे धन, कमिशन व सुरा सुन्दरियों की सेवाओं के आधार व बदले में कैसे भ्रष्ट जालसाज ठेकेदारों कंपनियों संगठित अपराधियों गिरोहों को पाला पोशा व संरक्षण दिया जाता है। इसका उदाहरण है लक्ष्मी नारायण मालवीय जो खरगोन से निकलकर भोपाल दिल्ली तक अरबों रुपए का साम्राज्य खड़ा कर चुका है। और अपने पुत्र क्यों अपराधों को छुपाने बचाने अधिकारियों नेता और शिकायतकर्ताओं को डराने धमकाने अपनी न्यूज़ चैनल चला रहा है।

खरगोन निवासी भोपाल के नामी बिल्डर और टीवी 27 के डायरेक्टर एलएन मालवीय पर धोखाधड़ी के मामले में EOW ने तो शिकंजा कसा ही है, मगर यही इकलौता मामला नहीं है। एलएन मालवीय यानी लक्ष्मीनारायण मालवीय प्रदेश के सबसे बड़े व्यापमं घोटाले में भी एक प्रमुख आरोपी रहा है। मालवीय पर MPPMT 2013 परीक्षा घोटाले के मामले में व्यापमं के अधिकारियों से सांठगांठ कर स्कोरर बैठाकर परीक्षार्थी को पास कराने का गंभीर आरोप है।

EOW ने दर्ज किया धोखाधड़ी का मामला

मध्य प्रदेश के भोपाल के नामी बिल्डर एलएन मालवीय के खिलाफ EOW ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। मालवीय के अलावा चार पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों सहित कुल 5 लोगों पर FIR दर्ज की गई है। यह मामला प्रदेश के 106 पुलों के निर्माण में काम न करने के बाद भी मिलीभगत करके भुगतान उठाने का है। दरअसल मध्य प्रदेश के राज्य एवं मुख्य जिला मार्गों पर पुल निर्माण के लिए सुपरविजन कंसलटेंसी जबलपुर का ठेका स्वीकृत हुआ था। इस निर्माण एजेंसी के लिए कंसल्टेंट एलएन मालवीय इंफ्रा प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड भोपाल को अधिकृत किया गया था। (शेष पेज 2 पर)

साप्ताहिक समय माया

संपादकीय

परजीवी, भाजपाई व राष्ट्रीय सेवक संघ सनातनी रक्तचूषक परजीवी याने शरीर के रक्त चूषक पिस्सू !!!

खून चूसने वाला, दूसरे के दिये पर जीने वाला, औरो को खाकर जीने वाला.. हिंदी में परजीवी कहते है। परजीवी का अस्तित्व स्वतंत्र नही होता। उसे जिंदा रहने के लिए किसी का आश्रय चाहिए। यह आश्रय देने वाला, परपोषी कहलाता है। अंग्रेजी में उसे होस्ट कहते है। सत्य यह है कि दुनिया परपोषी-परजीवी सम्बन्धो का एक जाल है। हर जीव, जीवन मे दोनो भूमिकाओं में होता है। याने कभी आप परपोषी होते है,किसी को खून पिलाकर पालते है। कभी परजीवी होते है, जैसे भाजपाई व राष्ट्रीय सेवक संघ जो 1930 से सनातनियों कोधर्म संस्कृति परंपराएं इतिहास का पाठ पढ़ा व धर्म की अफीम चटा सनातनियों बामन, बनिए, राजपूतों, पिछड़े, दलितों, आदिवासियों को भय फैला भ्रमित कर आपस में शत्रुता बढ़ा, फैला, हिंदु मुस्लिम कर वैमनस्यता से युध्द करवा, संघर्ष की भूमिकायें निभा करवा उनका जीवन रस पीकर जीते व सत्ता हथिया सब को लूट व देश बर्बाद करते हैं। सभी परजीवी, हत्यारे नही होते। चालाक परजीवी वह होता है, जो खुद पर नियंत्रण रखता है। अपनी भूख,अपनी सँख्या,अपने असर पर। याने अकबर बनकर पालक को जीने नही देते, सलीम बनकर मरने भी नही देते। पालक, संरक्षक बेचारा अनारकली की तरह न ठीक से जीता है.. न मरता है। पर बहुधा होस्ट और पैरासाइट में बड़े अच्छे सम्बन्ध बन जाते है। जैसे कि लाइकेन.. यह शैवाल और कवक का एक सहजीवी सम्बन्ध होता है। जिसके कारण शैवाल, सूखी पथरीली चटटानो पर जी सके। मिट्टी बनाई, धरती पर जीवन का आधार बनाया। आज भी बहुत सी जीवन रक्षक दवाएं, हम इन लाइकेन से प्राप्त करते हैं। यह आदर्श सम्बन्ध है।लेकिन हर परजीवी लिहाजदार तो होता नही। कुछ ऐसे भुखमरे भी होते है, जो सटासट खून चूसकर होस्ट को मार डालते है। एक बार एंट्री भर मिल जाये,अपनी सँख्या इतनी बढा लेते है, कि होस्ट का शरीर बीमार हो जाता है। जर्जर होकर मर जाता है। तब कुछ परजीवी होस्ट के साथ खत्म हो जाते है, कुछ अंडे या स्पोर जैसे सूक्ष्म रूपों में बचकर, सही वक्त का इंतजार करता है। बिल्कुल किसी राजनीतिक दल की तरह..हाल में संसद में कांग्रेस को परजीवी दल बोला गया। शास्त्रीय नजरिये से देखें तो स्टेटमेंट, निहायत ही अनसाइंटिफिक और एंटायर एमए वाली गलत शिक्षा का नतीजा दिखता है। कांग्रेस, तो आज पगलू किस्म की उपकारी, और परपोषी दल है। तृणमूल कांग्रेस हो, या राष्ट्र्वादी कांग्रेस, वाइएसआर कांग्रेस हो, आम आदमी पार्टी, समाजवादी पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल - सभी कांग्रेस के जनाधार पर खड़े है। कांग्रेस उनसे नेगोशिएट करती है, प्रतिस्पर्धा करती है, पर खत्म नही करती। जिस डीएमके और कम्युनिस्ट ने उसका आधार छीन अपनी जगह बनाई, उन्हें भी अपने लंबे शासनकाल में जीने, चलने और बढ़ने का मौका दिया। और उन्हें आज खुशी खुशी, इंडिया गठबंधन में समेटे हुए है। राहुल की यह नई कांग्रेस है, जो लाइकेन की तरह, अच्छा सहजीवी सम्बंध बना चुकी है। इससे फेडरलिज्म, सहयोगी सरकारें, क्षेत्रीय आकांक्षाओ का लोकतन्त्र में सम्मान जैसी स्वास्थ्यवर्धक टॉनिक निकले हैं। याद रहे, इस देश ने सबसे ज्यादा ग्रोथ.. सबसे सुंदर समय तब देखा, जब मिली जुली सरकारे, क्षेत्रीय शक्तियों से सामंजस्य कर देश चलाती थीं। परजीवी तो उस दिन ट्रेजरी बेंचेज में बैठे थे। ऐसे परजीवी, जो जिससे भी चिपके, उसका सत्यानाश कर दिया। कभी मुस्लिम लीग से चिपक कर जिये, कभी जेपी के आन्दोलन से खाद पानी लिया। दोनों को चूसकर, अलग हो गए। आप क्षेत्रीय शक्तियों का नाम लेते जाइये, जिनसे ये जुड़े।आज हर एक, अपने अस्तित्व का संघर्ष करता मिलेगा। शिरोमणि अकाली दल 1 सांसद तक सिमट चुका। शिवसेना खण्ड खण्ड है। जेडी यू चुनाव दर चुनाव घटती गयी, जेडीएस अपने न्यूनतम पर है। अन्नाद्रमुक निपट गयी, मायावती खत्म हो गयी। राकांपा (अजीत) और जगनमोहन सांस नही ले पा रहे। नवीन पटनायक लोकसभा और उड़ीसा दोनो से साफ हो गए। चंद्रबाबू की तेलगुदेशम साथ है, लेकिन किसी को याद हो, की NDA में अटल के समय NTR फेक्शन वाली टीडीपी हुआ करती थी। खत्म हो गई। हर एक का जनाधार, उसका मास बेस, उसके नेता, उसका संगठन- आरएसएस भाजपा ने चर लिया। ये बढ़ गए, और पोषण देने वाला, बुलाने, बिठाने, जगह देने वाला खत्म हो गया। अगर परजीवी की शास्त्रीय परिभाषा निकाली जाए, तो विज्ञान की किताबों में लिखे तमाम लक्षण तो भाजपा आरएसएस के लिए लिखे दिखाई देंगे। और ये सहजीवी नही, पैथोजेनिक पैरासाइट है। याने जहां होंगे, वहां तरह तरह की बीमारियां होंगी। जब ऐसे पैरासाइट का प्रकोप होता है, तो ताप बढ़ता है। बुखार आता है, सूजन होती है, आंखों से पानी निकलता है, भूख प्यास मिट जाती है। शरीर से खून चुक जाता है। इंसान बड़बड़ाने लगता है, मौत आंख के सामने नाचती है। यह भारतीय समाज का हाल है। नीम हकीम ऐसे में बुखार की दवा देते है, आँखों मे दवा डालते हैं। खून उधार मांगकर चढ़ाते हैं। पर ये महज लक्षणों का इलाज है, बीमारी का नही। बीमारी अगर परजीवी की वजह से है, तो परजीवी का इलाज करना होगा। आपको कीड़े पहचानने पड़ेंगे। फिर कीड़े मारने की दवा खानी पड़ेगी।

आखिर व्यापमं, लोक निर्माण विभाग के आरोपी को क्यों दिया जा रहा संरक्षण

TV 27 के डायरेक्टर सहित PWD के 4 अधिकारियों पर EOW में मामला दर्ज

पेज 1 का शेष

कुल 106 पुलों के निर्माण की निविदाओं की लागत 12.25 करोड़ रुपए थी, लेकिन पीडब्ल्यूडी के NDB डिपार्टमेंट के डायरेक्टर और फाइनेंशियल एडवाइजर सहित अन्य तीन अधिकारियों ने मिलीभगत करते हुए एलएन मालवीय को 26 करोड़ 11 लाख रुपए का भुगतान कर दिया गया। इस मामले में सरकार को 13 करोड़ 86 लाख रुपए का चूना लगाया। EOW की जांच के दौरान यह सामने आया कि अब तक इस प्रोजेक्ट में केवल 47% ही काम हुआ है पर भुगतान 213 प्रतिशत कर दिया गया है।

व्यापमं घोटाले से है मालवीय का सीधा कनेक्शन

व्यापमं घोटाले का खुलासा 2013 में तब हुआ था, जब इंदौर पुलिस ने 20 लोगों को गिरफ्तार किया था। इन लोगों से पूछताछ के बाद घोटाले में शामिल एक संगठित गिरोह के सरगना जगदीश सागर की गिरफ्तारी हुई। मध्य प्रदेश के सबसे बड़े घोटालों में शुमार व्यापमं घोटाले में एलएन मालवीय पर सीबीआई के वकील सतीश दिनकर की ओर से आरोप हैं कि उन्होंने पीएमटी 2013 परीक्षा घोटाले के मामले में व्यापमं के अधिकारियों से सांठगांठ कर स्कोरर बैठाकर परीक्षार्थी को पास कराया। इस आरोप में मालवीय को 26 मार्च 2015 को गिरफ्तार किया गया था। साथ ही पुलिस स्टेशन एसटीएफ भोपाल में मालवीय के खिलाफ अपराध क्रमांक 539/2013 दर्ज है।

हर सप्ताह थाने में हाजिरी देने पर मिली थी जमानत

व्यापमं घोटाले में एलएन मालवीय की भूमिका PMT के लाभार्थियों के लिए बिचौलिए की रही है। जमानत अर्जी पर सुनवाई को दौरान कोर्ट ने बेहद सख्ती बरतते हुए न सिर्फ एक लाख रुपए का व्यक्तिगत बांड भरवाया, बल्कि पर सप्ताह पास के थाने में जाकर हाजिरी देने के आदेश भी दिए थे। इतना ही नहीं कोर्ट ने मालवीय का पासपोर्ट भी जब्त करने के आदेश दिए थे।

मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय

लक्ष्मी नारायण मालवीय विरूद्ध मध्यप्रदेश राज्य सरकार 12 मई 2015 मिसलेनियस अपराधिक प्रकरण क्रमांक 5578/2015 तारीख 12.05. 2015 श्री मनीष दत्त वरिष्ठ अधिवक्ता के साथ श्री हितेंद्र गुल्हानी आवेदक के अधिवक्ता श्री पुष्पेंद्र कुमार कौरव अतिरिक्त महाधिवक्ता और श्री प्रकाश गुप्ता पैनल लॉयर अनावेदक राज्य की तरफ से पक्षकारों के अधिवक्ताओं की सुनवाई की।

यह जमानत आवेदन आवेदक द्वारा दायर किया गया है, जिसे 26.3.2015 को गिरफ्तार किया गया था और वह पुलिस स्टेशन एसटीएफ भोपाल में दर्ज अपराध संख्या 539/2013 के संबंध में जेल में है - जिसे आमतौर पर व्यापम परीक्षा घोटाला मामलों के रूप में जाना जाता है - जो आईपीसी की धाराओं 420, 467, 468, 471, 201 और 120-बी; शस्त्र अधिनियम की धारा 25/27; आबकारी अधिनियम की धारा 34; आयकर अधिनियम की धारा 65; और एम.पी. मान्यता प्राप्त परीक्षा अधिनियम, 1937 की धारा 3(घा) 1, 2/4 के तहत दंडनीय अपराध है।

अभियोजन पक्ष द्वारा आवेदक को बिचौलिए की भूमिका सौंपी गई है। आवेदक ने कथित तौर पर डॉ. शिवम और लाभार्थी सीमा उइके और सरिता उइके के साथ बातचीत की। इस बात पर कोई विवाद नहीं है कि सीमा उइके और सरिता उइके दोनों को जमानत पर रिहा कर दिया गया है। इसके अलावा, जिस अगले लिंक से आवेदक ने कथित तौर पर बातचीत की है, डॉ. शिवम को अभी तक जांच अधिकारी द्वारा गिरफ्तार नहीं किया गया है - संभवतः, उसके द्वारा किए गए खुलासे और कोड की धारा 164 के तहत दिए गए बयान के कारण। इसके अलावा, वर्तमान आवेदक के खिलाफ अंतिम आरोप पत्र भी दायर किया गया है। चूंकि आवेदक ने लाभार्थियों के लिए बिचौलिए के रूप में काम किया और डॉ. शिवम से बातचीत की, जो अभी पुलिस हिरासत में नहीं है और आवेदक कथित रूप से अतीत में किसी अन्य पूर्ववृत्त के बिना केवल एक अपराध में शामिल है, साथ ही इस तथ्य के साथ कि आवेदक वकील के माध्यम से जांच अधिकारी के समक्ष आगे की जांच के लिए बुलाए जाने पर उपस्थित होने का वचन देता है, जिसमें उसके खिलाफ भी शामिल है और आपराधिक मुकदमे के शीघ्र निपटान को सुनिश्चित करने के लिए ट्रायल कोर्ट के समक्ष समय पर उपस्थित होने का भी वचन देता है, न्याय के हित में, मामले का समग्र दृष्टिकोण लेते हुए, हम आवेदक को निम्नलिखित सख्त शर्तों पर जमानत देना उचित समझते हैं:-

(1) आवेदक पुलिस स्टेशन एसटीएफ भोपाल में अपराध क्रमांक 539/2013 के संबंध में ट्रायल के दौरान अपनी नियमित उपस्थिति के लिए ट्रायल कोर्ट की संतुष्टि के लिए 1,00,000/- (एक लाख रुपये) की राशि में व्यक्तिगत बांड और समान राशि के दो विलायक स्थानीय जमानतदार प्रस्तुत करेगा;

(2) आवेदक सीआरपीसी की धारा 437 (3) के तहत उल्लिखित शर्तों का भी पालन करेगा। (3) इसके अतिरिक्त, आवेदक निकटतम पुलिस स्टेशन, जहां वह निवास करता है, साकेत नगर, जिला भोपाल, (म.प्र.) में सप्ताह में एक बार प्रत्येक रविवार को सुबह 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे के बीच रिपोर्ट करेगा, जब तक कि उस दिन भोपाल में जांच अधिकारी के कार्यालय में उपस्थित होना आवश्यक न हो; और (4) आवेदक अपना पासपोर्ट, यदि उपलब्ध हो, जांच एजेंसी के पास जमा करेगा, अन्यथा इस न्यायालय में हलफनामा दायर करेगा कि आवेदक के पास किसी भी देश का पासपोर्ट नहीं है। यह अनुपालन जमानत पर रिहाई के लिए पूर्व शर्त होगी। जमानत आवेदन तदनुसार निपटाया जाता है। नियमानुसार प्रमाणित प्रति।

एएम खानविलकर
मुख्य न्यायाधीश
के के त्रिवेदी
न्यायाधीश

4 अधिकारियों पर EOW में मामला दर्ज

मध्यप्रदेश के भोपाल के नामी बिल्डर और टीवी 27 के डायरेक्टर एलएन मालवीय के खिलाफ EOW ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। शासन को करोड़ों रुपए का चूना लगाने के इस मामले में चार पीडब्ल्यूडी अधिकारियों पर भी मामला दर्ज किया गया है मध्यप्रदेश के भोपाल के नामी बिल्डर और टीवी 27 के डायरेक्टर एलएन मालवीय के खिलाफ EOW ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। मालवीय और चार पीडब्ल्यूडी अधिकारी सहित कुल 5 पर FIR दर्ज की गई है। मध्य प्रदेश के राज्य एवं मुख्य जिला मार्गों पर पुल के निर्माण के लिए सुपरविजन कंसलटेंसी जबलपुर का ठेका स्वीकृत हुआ था इस निर्माण एजेंसी के लिए कंसल्टेंट एलएन मालवीय इंफ्रा प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड भोपाल को अधिकृत किया गया था। कुल 106 पुलों के निर्माण की निविदाओं की लागत 12.25 करोड़ रुपए थी, लेकिन पीडब्ल्यूडी के NDB डिपार्टमेंट के डायरेक्टर और फाइनेंशियल एडवाइजर सहित अन्य तीन अधिकारियों ने मिलीभगत करते हुए एलएन मालवीय को 26 करोड़ 11 लाख रुपए का भुगतान कर दिया और शासन को 13 करोड़ 86 लाख रुपए का चूना लगाया। EOW की जांच के दौरान यह सामने आया कि अब तक इस प्रोजेक्ट में केवल 47% ही ।

अभी भी है विदेश जाने पर रोक

भोपाल के सबसे रईस कारोबारियों में शुमार लक्ष्मीनारायण मालवीय की विदेश यात्रा पर रोक अभी भी बरकरार है। 2023 में मालवीय ने तीसरी बार विदेश जाने की अनुमति मांगी थी, लेकिन कोर्ट ने उनका जब्त पासपोर्ट वापस लौटाने से मना कर दिया। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश एसबी साहू ने एलएन मालवीय को पासपोर्ट देने से इनकार करते हुए लिखा था कि देश में हुए कई घोटालों के आरोपी विदेश में जाकर वहीं बस जाते हैं। ऐसे आरोपियों को वापस लाना नामुमकिन हो जाता है। ऐसे में विदेश जाने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

इंदौर के साथ पूरे देश में यातायात बिगाड़ने पुलिस निगम पालिकाएं जिम्मेदार

संकेतकों पर रूकना बढ़ाता है प्रदूषण, देश व जनता पर भार

संकेतकों का समय निर्धारित कर न्यूनतम समय में पार कर सकते हैं सभी संकेतक, दुर्घटनाएं व प्रदूषण कम होंगा

वर्तमान में अधिकांश जनता वाहन चालक शहरीय क्षेत्रों के सड़कों पर निकलने वाहन चलाने में अत्यधिक दबाव महसूस करता है जो न केवल दुर्घटनाओं का कारण बनती है साथ ही प्रदूषण फैलाने और ज्यादा पेट्रोल डीजल गैस खर्च होने के कारण प्रदूषण बढ़ाने के साथ-साथ जनता की जेब पर आर्थिक भार बढ़ाने के साथ देश को भी पेट्रोल डीजल गैस के आयात में आर्थिक भार उठाना पड़ता है। जिसके लिए मूल रूप से ट्रैफिक पुलिस के सिपाही से लेकर सहायक उप एवं नगर निरीक्षक एसपी के साथ नगर निगम के सिटी इंजीनियर प्लानर आदि जिम्मेदार हैं।

जो जानबूझकर मोटी कमाई करने बार-बार बिना किसी ठोस यातायात प्रबंधन सड़कों की चौड़ाई, तिराहों चौराहों के निर्माण की नीति के कारणजनता के साथपुलिस प्रशासन और नगर निगम को भी परेशानियां उठानी पड़ती है। बेशक यातायात पुलिस में कोई सिविल इंजीनियर प्लानर विशेषज्ञ नहीं होते। साधारण कला विज्ञान वाणिज्य की डिग्री प्राप्त कर भर्ती की परीक्षाएं पास कर पुलिस विभाग में भर्ती हो जाते हैं। जो की खाकी वर्दी धारण की होती है तो सिपाही से लेकर एसपी आई जी तक शाम होते-होते छल कपट डराने धमकाने फर्जी कैस बनाने बचाने के षडयंत्रों से जेब भरी व भारी हो मुफ्त की सुरा सुंदरी भोगने का अवसर प्राप्त हो जाए तब ही पुलिस की वर्दी धारण कर नौकरी करने का औचित्य सिद्ध होता है।

बेशक शहरी क्षेत्र की सड़कें चौराहे तिराहे पंचराहो षठराहों का निर्माण प्रबंधन आदि का कार्य नगर निगम पालिकाओं के हाथ में होता है जो वहां बैठे उप यंत्री सहायक कार्यपालन व अधीक्षण इंजीनियर से लेकर वहां के पार्षद महापौर की कमीशन और मर्जी के अनुसार बार-बार बनाये, तोड़े व फिर बनाए जाते हैं। ताकि हर नए पार्षद अधिकारी कर्मचारी महाप और निगम आयुक्त सबको मोटा कमीशन सतत मिलता रहे ठेकेदारों का पेट भरता रहे बेशक जनता परेशान हो, दुर्घटनाएं हों, ताकि बार-बार सड़कें चौराहे तिराहे आदि बनाई जाति रहे और उनकी कमाई सटक बनी रहे ट्रैफिक पुलिस के हाथ में जो तिराहों, चौराहों पंचराहो षठराहों आदि पर लगे यातायात सिग्नल्स का प्रबंधन पुलिस करती है और जानबूझकर 20 से 30 सेकंड के समय की अपेक्षा 40 से 50 60 सेकंड का समय रख देती है जिससे अन्य मार्गों पर खड़े हुए लोग अपना वाहन चालू रखकर प्रदूषण फैलाने और पेट्रोल डीजल गैस के ज्यादा खपत से आर्थिक परेशानियों को सामना करते हैं। जिसका सीधा बाहर सरकार की आर्थिक प्रबंधन पेट्रोल डीजल गैस आयात करने से विदेशी मुद्रा खर्च करने पर पड़ता है।

सुबह 10:00 से 12:00 बजे तक साईं काल में 5:30 बजे से लेकर 8:00 तक के समय में अधिकतम 30 सेकंड के सिग्नल्स होने चाहिए। बात के पहले और पक्ष के समय में मात्र 15 से 20 सेकंड के लिए समय निर्धारित किए जानी चाहिए।

ताकि अन्य तिराहे चौराहों पर खड़े हुए लोग ज्यादा से ज्यादा देर से दो ढाई मिनट तक न खड़े रहे दूसरी बात जब एक लाइन में ट्रैफिक सिग्नल्स बने हुए हो तो लंबाई के हिसाब से 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से वहां चलने पर अगले चौराहे तक की दूरी नाप कर उसके सिग्नल्स को समायोजित कर दिए जाए तो एक बार एक सड़क से 10 चौराहे पर करने में भी बिना रुके अपने गंतव्य तक पहुंच सकता है जिसमें कुछ नहीं केवल टाइमर को सेट करने में थोड़ी सी बुद्धि उपयोग करनी है। तिराहे पर एक तरफ की दांई बांई सड़क को जो सीधी जा रही है सतत चलने देने के लिए खुला छोड़ रखना चाहिए। ताकि न मुड़ने वाले लोगों की यात्रा बाधित व समय बर्बाद ना हो।

दूसरी तरफ व्यस्ततम मार्गों पर कार्य व अन्य वाहन सड़कों पर खड़े ना हो इस बात का ख्याल रखने के लिए पुलिस कभी निगरानी और अपने बाल का प्रयोग नहीं करती और उसकी आड़ में कहा जाता है कि स्टाफ कम है तो भाई स्टाफ भर्ती कर लो कब तक भर्ती नहीं करोगे।

जब रुस्तम मार्ग के दोनों तरफ कारों वाली गाड़ियां खड़ी होगी और मार्ग बातचीत होगा तो निकालने वालों को परेशानी होगी और भीड़ बढ़ेगी दुर्घटनाएं बढ़ेगी प्रदूषण फैलेगा। और इन सबके लिए जिम्मेदार होगा तो वाहन चालक के अतिरिक्त निगम व पुलिस का भ्रष्ट डकैत कर्मचारी व अधिकारी निरीक्षक। दूसरी तरफ प्रशासन पुलिस निगम पालिकाएं सबसे पहले लोगों की परेशानियों को दूर करने की मानसिकता को विकसित करें अगर मानसिकता विकसित होगी तो कार्य संपन्न होंगे और कार्य संपन्न होंगे तो जनता को राहत मिलेगी इसका ख्याल रखना अति आवश्यक है यदि अपने भ्रष्टाचार मस्तिष्क में लूट डकैती और वसूली ही लिखी है तो जनता तो परेशान होगी ही वाहनों के खड़े होने पर प्रदूषण भी खा लेगा दुर्घटनाएं भी बढ़ेगी मारपीट लड़ाई झगड़ा और अपराध भी बढ़ेंगे स्वामी के उस पुलिस की कमाई होगी पर इस कमाई का खामियाजा कर्मचारियों अधिकारियों निरीक्षकों को मस्तिष्क पर तनाव पालकर परिवार की बर्बादी करके उठाना पड़ेगा। इसको समझें।

और सबसे पहले कर्मचारी अधिकारी निरीक्षकों को कार्य को सरल और आसान तरीके से करने के साथ जनता की परेशानियां को दूर करने की मानसिकता को विकसित करना होगा ताकि जनता भी शांत रहे और बच्चे शांत रहें और सुचारू रूप से सब का जीवन चलता रहे इसकी मानसिकता को विकसित हर स्तर पर करना पड़ेगा यह सब की आवश्यकता है यथार्थ में परेशानियां समस्याएं इसलिए परेशानियां और समस्याएं हैं क्योंकि हमने उन्हें अपने मानस में बसा कर अपनी कमाई की षड्यंत्र किए हुए हैं वरना हर परेशानी व समस्या अपने साथ निदान लेकर ही आई है वह शक्ति की हमको उसे हल करने की इच्छा व मानसिकता हो ताकि जनता को राहत मिल सके।

इंदौर के साथ देश के अधिकांश चौराहों पर जानबूझकर ट्रैफिक पुलिस ट्रैफिक लाइट के टाइमर बंद करके रखती है और इसका परिणाम वाहन चालकों को गाड़ियां चालू रखनी पड़ती है और जो प्रदूषण बढ़ता है स्वयं इंदौर पुलिस मानती है की लगभग 80 चौराहों की बनावट खराब है। तो फिर आमजन के चालान क्यों और कब उनको सुधारा जाएगा ताकि जनजीवन सड़कों पर सामान्य हो सके

सुनाक की हार, प्रवासियों को रोकने का प्रभाव

पेज 1 का शेष

जिससे स्वतंत्रता आंदोलन में तेज़ी आयी और स्वतंत्र भारत की रूपरेखा पर विचार भी होने लगा। विंस्टन चर्चिल 1940 से 1945 तक ब्रिटेन के प्रधानमंत्री रहे थे। वह एक रूढ़िवादी राजनेता थे जो भारतीय स्वतंत्रता के प्रबल विरोधी थे। जुलाई 1945 में, ब्रिटेन के नए चुने गए लेबर पार्टी के प्रधान मंत्री क्लेमेंट एटली ने भारत को ब्रिटिश उपनिवेशवाद से मुक्ति दे स्वतंत्रता की मुहर लगाई थी। वे 1935 से 1955 तक लेबर पार्टी के नेता थे और 1945 से 1951 तक प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया।

वर्तमान लेबर पार्टी के नेता कीर स्ट्रामर ने भारत पर अपना रुख नरम कर लिया और कश्मीर पर अंतर्राष्ट्रीय हस्तक्षेप के लिए अपना आह्वान छोड़ दिया है। उन्होंने अपनी पार्टी के भीतर भारत विरोधी चरमपंथी विचारों पर लगाम लगा दिया। कीर स्ट्रामर ने पार्टी के घोषणापत्र में भारत के साथ 'नई रणनीतिक साझेदारी' को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता शामिल की। यह प्रतिबद्धता प्रौद्योगिकी, सुरक्षा, शिक्षा और जलवायु परिवर्तन सहित विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के उनके इरादे को उजागर करती है, जिसका उद्देश्य दुनिया की सबसे तेजी से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक भारत के साथ संबंधों को बढ़ाना है। इसके आलावा कीर स्ट्रामर के नेतृत्व में लेबर पार्टी अपने 10 वादों, अपनी वामपंथी विचारधारा और श्रमिक वर्ग की परंपराओं से दूर चली गई है। वर्तमान इजराइल-हमास संघर्ष पर, उनकी पार्टी ने इजराइल का पक्ष लिया, जो फिर से एक उनकी नीतियों से हट कर था।

वीजा के मुद्दे पर विशेष रूप से सेवा कर्मचारियों और भारतीय छात्रों के लिए अस्थायी कार्य वीजा एक प्रमुख मुद्दा रहा है, यह भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते से भी जुड़ा है। भारत को ब्रिटेन में उनकी अत्यधिक विकसित सूचना प्रौद्योगिकी और वित्तीय क्षेत्र में प्रवेश से लाभ होने वाला था, जिस पर अब लेबर पार्टी कड़ी रूख से बातचीत करेगी। भारत ने कार्बन टैक्स में ढील देने की मांग की है, जिसे अगर लागू किया जाता है तो इऊँ के लाभों का बड़ा हिस्सा खत्म हो जाएगा। इनके अलावा ब्रिटेन में रह रहे भारतीय भगोड़ों का प्रत्यर्पण, रक्षा में सहयोगिता और संयुक्त राष्ट्र में सिक्योरिटी कॉउन्सिल में भारत का दाखिला जैसे मुद्दों पर भी आपसी सम्बन्ध और वार्ता शामिल रहेगा। अब जब ऋषि सुनक का कार्यकाल ख़त्म हो गया है, तो भारत सरकार को चाहिए ऋषि सुनक का यथोचित सम्मान दे कर विदेशों में रह रहे अन्य लोगो को भी इस तरह आकाशीय पद को प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करें। इस चुनाव में, इन भारतीय मूल के मतदाताओं ने विडंबनापूर्ण तरीके से अपने ही मूल के ऋषि सुनक से पूछा था कि उन्होंने उनके लिए क्या किया। स्ट्रामर में करिश्मे की कमी है और पार्टी के नेतृत्व करने के रूप में उन्हें जीत तो मिली है पर अभी भी उनके व्यक्तिगत रूप में एक सशक्त नेता की छवि को जनता की स्वीकृति कम मिली है, इसलिए उन पर लगातार दबाव बना रहने के साथ और नेतृत्व परिवर्तन की भी संभावना है। ऋषि सुनक सरकार ने ग्रेजुएट रूट वर्क वीज़ा की निरंतरता का पुनर्मूल्यांकन करने के लिए एक प्रवासन सलाहकार समिति (एमएसी) का गठन किया था, जिसे पोस्ट-स्टडी वर्क वीज़ा के रूप में भी जाना जाता है, जो ब्रिटिश विश्वविद्यालयों के स्नातकों को दो साल के लिए कार्य करने का अधिकार प्रदान करता है। ऋषि सुनक के नेतृत्व वाली कंजर्वेटिव सरकार ने जनवरी 2024 से छात्रों के आश्रितों के लिए वीज़ा देना बंद कर दिया है। ब्रिटेन के मतदाताओं ने ऋषि सुनक के नेतृत्व वाली कंजर्वेटिव पार्टी को बाहर का रास्ता दिखा दिया है और लेबर पार्टी के नेता कीर स्टारमर प्रधानमंत्री बन गए हैं, ऐसे में भारत के अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के लिए खुश होने का एक कारण हो सकता है, क्योंकि आप्रवासी विरोधी नीतियों को लागू करने वाली सरकार 14 साल के शासन के बाद डाउनिंग स्ट्रीट को अलविदा कह रही है। प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के नेतृत्व वाली टोरी पार्टी ने आप्रवासियों पर नकेल कसने के लिए कई नीतियां लागू की थीं। इनमें छात्रों के लिए आश्रितों के वीज़ा को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करना, अवैध आप्रवासियों को रवांडा के लिए उड़ान से भेजना , तथा देखभाल कर्मचारियों के आश्रितों के लिए वीज़ा बंद करना शामिल है। ये नीतियां कंजर्वेटिव पार्टी द्वारा ' नौकाओं को रोकने ' के प्रयास के तहत शुरू की गई थीं, जिसका स्पष्ट संदर्भ इंग्लिश चैनल पार करने के बाद बिना वीजा के छोटी नौकाओं में ब्रिटेन में प्रवेश करने वाले प्रवासियों की प्रथा पर अंकुश लगाना था।

साप्ताहिक समय माया

मानसून में ऐसे रखेंगे सेहत का ख्याल, तो नहीं पड़ेंगे बार-बार बीमार!

मानसून भारत के कई राज्यों में दस्तक दे चुका है। यह तपती गर्मी से राहत देने के लिहाज से तो काफी बढ़िया है लेकिन इस मौसम में सेहत को लेकर बरती जाने वाली लापरवाही आपको कई गंभीर बीमारियों (श्दहेददह अ्मीं) का शिकार बना सकती है। इस आर्टिकल में हम आपको ऐसी ही कुछ बीमारियां और उनसे बचाव के तरीकों के बारे में बताने जा रहे हैं। मार्च से लेकर जून तक पड़ने वाली भीषण गर्मी के बाद जुलाई का महीना मानसून के स्वागत का होता है। साल का यह सातवां महीना तपती गर्मी से थोड़ी राहत तो जरूर देता है, लेकिन बरसात के इन दिनों में सेहत को लेकर सबसे ज्यादा सावधान रहने की जरूरत होती है। इस मौसम में अगर आप भी बार-बार बीमार नहीं पड़ना चाहते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए काफी मददगार साबित हो सकता है। आइए आपको बताते हैं कि वातावरण में नमी बढ़ने के कारण पैदा होने वाले बैक्टीरिया और वायरस के खतरे से आप कैसे अपने आपको सुरक्षित रख सकते हैं।

मानसून में क्यों बढ़ जाता है बीमारियों का खतरा?

बरसात के मौसम में सांस के रास्ते से बैक्टीरिया और वायरस काफी तेजी से फैलने लगते हैं। मौसम में नमी के कारण इन दिनों बैक्टीरिया के पनपने का जोखिम सबसे ज्यादा रहता है। इन दिनों शरीर में रोगों से लड़ने की क्षमता भी कम हो जाती है। ऐसे में, खानपान में बरती जाने वाली लापरवाही का सीधा और तेज असर सेहत पर देखने को मिलता है। खांसी-जुकाम, उल्टी और सर्दी-बुखार की परेशानी से बचने के लिए इस मौसम में सेहत का काफी ख्याल रखना पड़ता है। मानसून के मौसम में मच्छर भी तेजी से फैलते हैं, क्योंकि इन दिनों बरसात के कारण इन्हें पनपने का माहौल मिल जाता है, जो कि आपकी जान के लिए बड़ा खतरा बनकर उभरता है। आइए जानते हैं इस मौसम में फैलने वाली बीमारियों के बारे में।

इन बीमारियों का बढ़ जाता है जोखिम

बारिश के मौसम में डेंगू बुखार, चिकनगुनिया, वायरल फ्लू, इन्फेक्शन, एलर्जी, गैस्ट्रोएंट्राइटिस, टाइफाइड, हेपेटाइटिस ए और ई का जोखिम काफी ज्यादा रहता है। बता दें, इनमें से ज्यादातर बीमारियां मच्छरों के पनपने से ही पैदा होती हैं।

कैसे रखें इस मौसम में सेहत का ख्याल?

मानसून यानी बरसात के मौसम में सेहत का ख्याल रखना काफी ज्यादा जरूरी है। इसके लिए आप सबसे पहले तो पूरी बाजू के कपड़े पहनें, जो कि आपको मच्छरों से फैलने वाली डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों से बचाने का काम करेंगे। इसके अलावा इस मौसम में इम्युनिटी को बूस्ट करने के लिहाज से डाइट का खास ख्याल रखने की भी जरूरत होती है। ऐसे में, आप पूरी कोशिश करें कि खानपान में पोषक तत्वों को पूरी जगह मिले। इसके लिए मौसमी फल-सब्जियों के सेवन से लेकर आप डाइट में कुछ सुपरफूड्स को भी शामिल कर सकते हैं। साथ ही, इस मौसम में डिहाइड्रेशन और डायरिया से बचना भी काफी ज्यादा जरूरी है।

संजीवनी से कम नहीं है बरसात में मिलने वाला ये फल

मानसून ने दस्तक दे दी है, ऐसे में बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। इस दौरान सही खानपान की सलाह देते हैं। मानसून के दौरान विटामिन सी से भरपूर फल और सब्जियां खाने की सलाह दी जाती है। इस मौसम में बीमारियों का खतरा सबसे ज्यादा बढ़ जाता है। इसलिए खान-पान का विशेष ध्यान रखना। हेल्थ एक्सपर्ट्स की मानें तो बारिश में स्वस्थ रहने के लिए आपको मौसमी फलों का सेवन जरूर करना चाहिए।

बारिश के मौसम के साथ ही कुछ फलों का आगमन भी हो जाता है। इन्हीं में से एक है नाशपाती। यह मौसम नाशपाती का मौसम है। विटामिन सी से भरपूर नाशपाती एक ऐसा फल है जो मधुमेह और हृदय रोगियों के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है।

नाशपाती मानसून के महीनें में शरीर को बीमारियों के खतरे से बचाने में मदद करती है। इसमें विटामिन सी के अलावा पोटेशियम, फोलेट, कॉपर और मैंगनीज पाया जाता है. आइए जानते हैं नाशपाती खाने से क्या फायदे होते हैं।

नाशपाती खाने के फायदे- डायबिटीज को करता है कंट्रोल-

डायबिटीज के मरीजों को हर चीज का सेवन सोच समझकर करना पड़ता है. यहां तक की कुछ फल भी उन्हें नुकसान पहुंचा सकते हैं। हालांकि कुछ फल हैं जो उनके लिए लाभकारी साबित हो सकते हैं, जिनमें से एक है नाशपाती। डायबिटीज के मरीजों के लिए नाशपाती बहुत फायदेमंद मानी जाती है। नाशपाती में एंथोसायनिन पाया जाता है, जो एंटीऑक्सीडेंट के रूप में काम करते हैं, ऐसे में ये मधुमेह के खतरे को भी कम करते हैं। दरअसल में नाशपाती में ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है, जिसके कारण यह ब्लड शुगर को नियंत्रित करने में मदद करता है। डायबिटीज के मरीज इसे खा सकते हैं।

सूजन कम करता है-

शरीर की सूजन को कम करने के लिए नाशपाती बेहद लाभकारी मानी जाती है। नाशपाती में विटामिन सी और विटामिन के होता है जो शरीर में सूजन को कम करने में मदद करता है। अगर किसी चोट के कारण शरीर में सूजन की समस्या है तो इससे फायदा होगा. ऐसे लोगों को अपने आहार में नाशपाती को शामिल करना चाहिए. नाशपाती में फ्लेवोनोइड्स और एंटीऑक्सीडेंट होते हैं।

पाचन तंत्र को मजबूत बनाता है-

नाशपाती में फाइबर भी भरपूर मात्रा में पाया जाता है, जो पेट और पाचन संबंधी समस्याओं को दूर करने में मदद करता है। अगर आपको कब्ज की समस्या है तो नाशपाती जरूर खाएं। नाशपाती में घुलनशील फाइबर होता है जो आपकी आंतों के लिए फायदेमंद होता है। यह पाचन संबंधी समस्याओं को दूर करके आंत के स्वास्थ्य में सुधार कर सकता है।

दिल के लिए फायदेमंद-

नाशपाती में कई ऐसे पोषक तत्व होते हैं जो दिल को स्वस्थ बनाने में मदद करते हैं। नाशपाती में प्रोसायनिडिन होता है, जो एंटीऑक्सीडेंट के रूप में काम करता है। इससे हृदय संबंधी समस्याएं कम होती हैं और खराब कोलेस्ट्रॉल भी कम होता है। छिलके सहित खाए जाने वाले नाशपाती के छिलके में क्वेरसेटिन होता है, जो रक्तचाप को नियंत्रण में रखता है।

वजन घटाने में मदद-

अगर आप बढ़ते वजन से परेशान हैं तो आप अपनी वेट लॉस डाइट में नाशपाती को भी शामिल कर सकते हैं। इसमें भरपूर मात्रा में फाइबर होता है। इससे आपको भूख कम लगती है। नाशपाती में कैलोरी भी बहुत कम होती है। इसे जी भरकर खाने से भी मोटापा कम हो सकता है।

मानसून में सारी बीमारियों की जड़ ये वजह

मानसून में बड़े और बच्चे सभी की इम्युनिटी कमजोर हो जाती है। खान-पान में जरा सी लापरवाही बरतने पर आप बीमार पड़ सकते हैं। बारिश में कई तरह के इंफेक्शन होने का खतरा बढ़ जाता है। खासतौर से इस मौसम में खराब पानी, मच्छर और हवा से सारी बीमारियां पैदा होती हैं।

यानि एयर बोर्न, मॉस्किटो बोर्न, वाटर बोर्न डिजीज पैदा होती हैं। इसमें डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया जैसी मच्छरों से फैलने वाली बीमारी बढ़ती है। वहीं दूषित पानी और खाने से डायरिया, पीलिया और टाइफाइड होने का खतरा रहता है। वहीं सांस से जुड़ी बीमारी अस्थमा और सर्दी जुकाम भी परेशान करते हैं। इसलिए इन

बीमारियों से बचना सबसे जरूरी है।

मानसून में सारी बीमारियों के पीछे हैं ये कारण

मच्छर से फैलने वाली बीमारी-

मानसून में मच्छरों का प्रकोप तेजी से बढ़ने लगता है। गंदगी और जगह-जगह पानी भरने से मच्छर पनपने लगते हैं जो डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया जैसी बीमारियों को फैलाते हैं। मच्छरों के काटने से जीका वायरस, जापानी इंसेफेलाइटिस, पीला बुखार और वेस्ट नाइल वायरस जैसी खतरनाक बीमारियां फैलती हैं। इसलिए बारिश में मच्छरों से खास बचाव करें।

खराब पानी से होने वाली बीमारी-

मानसून में दूषित पानी पीने और खराब खाना खाने से भी कई खतरनाक बीमारियां हो सकती है। जिसमें डायरिया सबसे ज्यादा होने वाली बीमारी है। बारिश में एंटेरिक फीवर, हैजा, वायरल हेपेटाइटिस और डायरिया जैसी बीमारियां गंदे पानी के कारण होती हैं। ये बीमारियां भारत में हर साल हजारों लोगों की मौत का कारण बनती हैं। इसके लिए जरूरी है कि साफ और उबला हुआ पानी पिएं और ताजा घर का बना खाना खाएं।

दूषित हवा से होने वाली बीमारी-

मानसून के दिनों में तापमान अचानक कम ज्यादा होता है। मौसम में ज्यादा नमी के कारण रेस्पिरेटरी सिस्टम भी प्रभावित होता है। इस मौसम में सांस के मरीजों को दिक्कत हो सकती है। अस्थमा के मरीज, एलर्जी से परेशान लोगों की मुश्किल बढ़ सकती हैं। वहीं सर्दी जुकाम की समस्या ज्यादा हो सकती है। इम्युनिटी को मजबूत बनाने के लिए डाइट में विटामिन सी से भरपूर चीजें और ताजा खाना शामिल करें।

एक वर्ष में होती हैं चार नवरात्रि

मां भगवती की आराधना का पर्व है नवरात्रि। मां भगवती के नौ रूपों की भक्ति करने से हर मनोकामना पूरी होती है। 'नवरात्रि' शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से लेकर महानवमी तक किए जाने वाले पूजन, जाप, उपवास का प्रतीक हैं। नौ शक्तियों से मिलन को नवरात्रि कहते हैं। देवी पुराण के अनुसार एक वर्ष में चार माह नवरात्र के लिए निश्चित है। वर्ष के प्रथम महीने अर्थात चैत्र में प्रथम नवरात्रि होती है। चौथे माह आषाढ़ में दूसरी नवरात्रि होती है। इसके बाद अश्विन मास में तीसरी और प्रमुख नवरात्रि होती है। इसी प्रकार वर्ष के ग्यारहवें महीने

अर्थात माघ में चौथी नवरात्रि का महोत्सव मनाने का उल्लेख एवं विधान देवी भागवत तथा अन्य धार्मिक ग्रंथों में मिलता है। इनमें आश्विन मास की नवरात्रि सबसे प्रमुख मानी जाती है। दूसरी प्रमुख नवरात्रि चैत्र मास की होती है। इन दोनों नवरात्रियों को शारदीय व वासंती नवरात्रि के नाम से भी जाना जाता है। इसके अतिरिक्त आषाढ़ तथा माघ मास की नवरात्रि गुप्त रहती है। इसके बारे में अधिक लोगों को जानकारी नहीं होती,इसलिए इन्हें गुप्त नवरात्रि भी कहते है। गुप्त व चमत्कारिक शक्तियां प्राप्त करने का यह श्रेष्ठ अवसर होता है। यदि इन गुप्त नवरात्रों में कोई भी भक्त माता दुर्गा की पूजा-साधना करता है तो मां उसके जीवन को सफल कर देती हैं। नवरात्रि के विशेष काल में देवी उपासना के माध्यम से खान-पान, रहन-सहन और देव स्मरण में अपनाए गए नियम तन व मन को शक्ति और ऊर्जा देते है। जिससे इंसान निरोगी होकर दीर्घ आयु और सुख प्राप्त करता है। धर्म ग्रंथों के अनुसार गुप्त नवरात्रि में प्रमुख रूप से भगवान शंकर व देवी शक्ति की आराधना की जाती है।

धर्मस्थल

दक्षिणेश्वर काली मंदिर

कोलकाता के उत्तर में विवेकानंद पुल के पास दक्षिणेश्वर काली मंदिर स्थित है। यह मंदिर बीबीडी बाग से १० किलोमीटर दूर है। दक्षिणेश्वर मंदिर का निर्माण सन 1847 में प्रारम्भ हुआ था। ज्ञान बाजार की महारानी रासमणि ने स्वप्न देखा था, जिसके अनुसार मां काली ने उन्हें निर्देश दिया कि मंदिर का निर्माण किया जाए। इस भव्य मंदिर में मां की मूर्ति श्रद्धापूर्वक स्थापित की गई। सन 1855 में मंदिर का निर्माण पूरा हुआ। यह मंदिर २५ एकड़ क्षेत्र में स्थित है।

दक्षिणेश्वर मंदिर देवी मां काली के लिए ही बनाया गया है। दक्षिणेश्वर मां काली का मुख्य मंदिर है। भीतरी भाग में चांदी से बनाए गए कमल के फूल जिसकी हजार पंखुड़ियां है, पर मां काली शस्त्रों सहित भगवान शिव के ऊपर खड़ी हुई हैं। काली मां का मंदिर नवरत्न की तरह निर्मित है और यह 46 फुट चौड़ा तथा 100 फुट ऊंचा है। विशेषण आकर्षण यह है कि इस मंदिर के पास पवित्र गंगा नदी जो कि बंगाल में हुगली नदी के नाम से जानी जाती है, बहती है। इस मंदिर में 12 गुंबद हैं। यह मंदिर हरे-भरे, मैदान पर स्थित है। इस विशाल मंदिर के चारों ओर भगवान शिव के बारह मंदिर स्थापित किए गए हैं।

प्रसिद्ध विचारक रामकृष्ण परमहंस ने मां काली के मंदिर में देवी को आध्यात्मिक दृष्टि प्राप्त की थी तथा उन्होंने इसी स्थल पर बैठ कर धर्म-एकता के लिए प्रवचन दिए थे। रामकृष्ण इस मंदिर के पुजारी थे तथा मंदिर में ही रहते थे। उनके कक्ष के द्वार हमेशा दर्शनार्थियों के लिए खुला रहते थे।

मां काली का मंदिर विशाल इमारत के रूप में चबूतरे पर स्थित है। इसमें सीढ़ियों के माध्यम से प्रवेश कर सकते हैं। दक्षिण की ओर स्थित यह मंदिर तीन मंजिला है। ऊपर की दो मंजिलों पर नौ गुंबद समान रूप से फैले हुए हैं। गुंबदों की छत पर सुन्दर आकृतियां बनाई गई हैं। मंदिर के भीतरी स्थल पर दक्षिणा मां काली, भगवान शिव पर खड़ी हुई हैं। देवी की प्रतिमा जिस स्थान पर रखी गई है उसी पवित्र स्थल के आसपास भक्त बैठे रहते हैं तथा आराधना करते हैं।

इस मंदिर के सामने नट मंदिर स्थित है। मुख्य मंदिर के पास अन्य तीर्थ स्थलों के दर्शन के लिए भक्तजन की भीड़ लगी रहती है। दक्षिणेश्वर मां काली का मंदिर विश्व में सबसे प्रसिद्ध है। भारत के सांस्कृतिक धार्मिक तीर्थ स्थलों में मां काली का मंदिर सबसे प्राचीन माना जाता है। दक्षिणेश्वर मां काली का मंदिर विश्व में सबसे प्रसिद्ध है। भारत के सांस्कृतिक धार्मिक तीर्थ स्थलों में मां काली का मंदिर सबसे प्राचीन माना जाता है। मंदिर की उत्तर दिशा में राधाकृष्ण का दालान स्थित है। पश्चिम दिशा की ओर बारह शिव मंदिर बंगाल के अटचाला रूप में है। चांदनी स्नान घाट के चारों तरफ शिव के मंदिर हैं। छः मंदिर घाट के दोनों ओर स्थित है। मंदिर की तीनों दिशाएं उत्तर, पूर्व, पश्चिम में अतिथि कक्ष तथा ऑफिस स्थित हैं। पर्यटक साल में हर समय यहां पर भ्रमण करने आ सकते हैं।

